10/2024

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI
सतर्कता विभाग
VIGILANCE DEPARTMENT

Office of the General Manager/V
Modern Coach Facto
Lalganj, Distt.- Raebar
Uttar Pradesh - 2291
Tele (Rly) 039-619
Fax (P&T) : 0535-27043

गोपनीय /Confidential

पत्र सं. : जी/एमसीएफ़/आरबीएल/विज./प्रणाली सुधार

दिनांक: ~~10~~ 11.10.2024

सभी प्रमुख प्रधान विभागाध्यक्ष
आरेडिका/रायबरेली

विषयः - <u>अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए प्रत्येक विभाग/अनुभाग में निर्धारित उपस्थिति पंजक में प्रणाली सुधार के संबंध में</u> ।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सतर्कता निवारक जांच के क्रम में विभिन्न विभागों (कार्मिक शाखा, लेखा विभाग, मेडिकल विभाग, बोगी शॉप व दूर संचार विभाग) के द्वारा अनुरक्षित उपस्थिति पंजक की जांच की गई थी। जांच के दौरान पाई गई अनियमितता/त्रुटियाँ जैसे कि कर्मचारियों के द्वारा निर्धारित समय पर उपस्थिती पंजिका में हस्ताक्षर नहीं करना, कर्मचारियों के हस्ताक्षर (उपस्थिति पंजक एवं छुट्टी आवेदन पत्र पर) में भिन्नता, उपस्थिति पंजिका में बिना अनुमोदन/रद्द के छुट्टी दर्शाया जाना, कर्मचारियों के द्वारा उपस्थिति पंजक पर सफेदा का प्रयोग करते हुए हस्ताक्षर किया जाना, उपस्थिति पंजक पर अधिलेखन, संशोधन, सफेदा इत्यादि का प्रयोग, उपस्थिति पंजक को संबन्धित अनुभाग के पर्यवेक्षक एवं अनुभाग अधिकारी के द्वारा निर्धारित समय पर निचले कालम में जांच के बाद हस्ताक्षर न किया जाना इत्यादि पाई गई है।

अतः उपरोक्त के आलोक में आपसे अनुरोध है कि उक्त अनियमितताओं को दृष्टगत रखते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यालय पद्धति नियमावली (MOP) के भाग – 1 (संगठनात्मक नियमावली) के चैप्टर – VII में उल्लिखित उपस्थिति पंजक से जुड़े नियमों को दृष्टिगत रखते हुए आपके स्तर पर सुधार प्रणाली जारी किया जाए एवं अनिवार्य रूप से इसका पालन सुनिश्चित कारवाई जाए। प्रशासनिक स्तर पर होने वाली प्रत्यक्ष व परोक्ष लापरवाही को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाते हुए कृत कार्यवाही से सतर्कता विभाग को अवगत करवाया जाए।

इस पर महाप्रबंधक/सतर्कता महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

11/10/24

उप मुख्य सतर्कता अधिकारी
कृते महाप्रबंधक/सतर्कता
आरेडिका/रायबरेली

all By HODs